कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक एवं महासमादेष्टा, गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)
जलेब चौक,जयपुर।

ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोन नम्बर 0141–2612593

Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांकः–प.37 (2748)गृरमु/पीएसएएल/2020/16681-82   दिनाकः– 20/12/2021

कार्यालय आदेश

अनुज्ञाधारक ले. कर्नल–विकास जोशी पुत्र श्री सुरज प्रकाश जोशी प्रोपराईटर मैसर्स–वी. जे. सिक्यूरिटी एजेन्सी द्वारा सिक्यूरिटी लाईसेन्स संख्या 950/2015 दिनांक 12.06.2015 वैद्यता दिनांक 11.06.2020 के नवीनीकरण हेतु इस कार्यालय में दिनांक 07.09.2020 को ऑन–लाईन आवेदन किया गया। इनके द्वारा आवेदन के साथ प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों का अवलोकन करने पर पाया गया कि आवेदन में दस्तावेज अपूर्ण है। दस्तावेज पूर्ति करने हेतु अनुज्ञाधारक ले. कर्नल–विकास जोशी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 9916–17 दिनांक 18.09.2020 के द्वारा पत्र जारी किया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा लगभग 10 माह की अवधि व्यतीत हो जाने पर भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। फलस्वरूप कार्यालय पत्र संख्या 9677–78 दिनांक 07.07.2021 द्वारा अनुज्ञाधारक को दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अन्तिम अवसर दिया जाकर स्मरण पत्र जारी किया गया। किन्तू अनुज्ञाधारक द्वारा एक वर्ष दो माह की अवधि व्यतीत हो जाने पर भी दस्तावेज पूर्ति नहीं की गई है। अतः राजस्थान प्राईवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के नियम 5(1) के तहत अनुज्ञाधारक ले. कर्नल–विकास जोशी का नवीनीकरण आवेदन संख्या 2756 (लाईसेन्स संख्या संख्या 950/2015 दिनांक 12.06.2015 वैद्यता दिनांक 11.06.2020) को तुरन्त प्रभाव से **"निरस्त"** किया जाता है।

(यू.आर. साहू IPS)
नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक एवं महासमादेष्टा)
गृह रक्षा, निदेशालय, राजस्थान,
जयपुर

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. कर्नल–विकास जोशी (से.नि.) पुत्र श्री सुरज प्रकाश जोशी निवासी मकान नंबर डी–51, सेक्टर–30, नोयडा, जिला–गोतमबुद्व नगर, उत्तर प्रदेश को भेजकर लेख है कि मूल लाईसेन्स 07 दिवस में इस कार्यालय को जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर सैल, कार्यालय हाजा को विभागिय वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

नियंत्रक प्राधिकारी
(महानिदेशक एवं महासमादेष्टा)
गृह रक्षा, निदेशालय, राजस्थान,
जयपुर